हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 23 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

4 सरगुजा में अभी भी 16 हजार 882 पीएम आवासों में चल रहा निर्माण



हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

## खबर संक्षेप

### गुरू घासीदास जयंती समारोह कल

**बैकुण्ठपुर।** जिला स्तरीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को किया जाएगा। 18 दिसंबर की शाम 4 बजे सतनाम धाम सुभाष नगर चरचा कॉलरी में कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक पंथी चौका कार्यक्रम पंथी पार्टी देवगांव के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। शाम 4 बजे ध्वजारोहण समस्त आगंतुकों द्वारा एवं शाम 5 बजे अतिथि स्वागत उद्बोधन शाम 6 बजे से कक्षा दसवीं 12 वीं एवं मेडिकल इंजीनियरिंग नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण एवं विद्यार्थी प्रतिभा अवार्ड दिया जाएगा। वहीं शाम 6:30 से 8 बजे तक विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 8 बजे से 9 तक आयोजकों द्वारा सामूहिक पंथी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े एवं नगर पालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर श्रीमती नमिता शिवहरे, नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुर चरचा श्रीमती लाल मुनी यादव, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा राजेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

### पीएससी की परीक्षा के लिए जिले में हो केन्द्र

**एमसीबी।** नवीन जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का गठन 9 सितंबर 2022 को हो चुका है। वर्तमान में इस जिले के परीक्षार्थी अन्यत्र जिलों में जाकर पीएससी परीक्षा में सम्मिलित होते रहे हूं, चूंकि अब जिले का गठन हो चुका है, अतः कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में परीक्षा केन्द्र स्थापित किया जाने के संबंध में छग लोक सेवा आयोग को पत्र जारी किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में 6 परीक्षा केन्द्र, 1 महाविद्यालय एवं 5 स्कूल बनाए जा सकते हैं, इसमें लगभग 2000 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

### 4 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस

**अंबिकापुर।** शासकीय भूमि को निजी मद में दर्ज करने के मामले में एसडीएम द्वारा चार पटवारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। पटवारियों द्वारा भू माफियाओं से मिलीभगत कर 111 हेक्टेयर से अधिक भूमि को निजी मद में दर्ज किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के ग्राम कंडराजा, बरिमा, नर्मदापुर की शासकीय भूमि को भू माफियाओं द्वारा निजी मद में दर्ज कराए जाने की शिकायत सामने आई थी। शिकायत पर कलेक्टर कुंदन कुमार ने मामले की जांच के निर्देश एसडीएम को दिए थे। एसडीएम द्वारा ग्राम पंचायत उरंगा के आश्रित ग्राम कण्डराजा के कुल 48 प्रकरणों में समस्त दस्तावेजों का जांच कर इश्तहार का प्रकाशन एवं नोटिस तामील कराया गया। अनावेदकों को दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित समय सीमा दी गई थी। समय उपरांत किसी ने भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जिसके फलस्वरूप ग्राम कण्डराजा के कुल 48 अनावेदकों के कुल खसरा 70 कुल रकबा 111.488 हेक्टेयर भूमि को अनावेदकों द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के फलस्वरूप शासकीय मद में हस्तांतरित किया गया।

### अलग-अलग मामलों में चरचा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# श्रमिकों की मौत मामले में 8 अफसरों पर जुर्म दर्ज



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के चरचा कॉलरी क्षेत्र में कोयला श्रमिकों की मौत के 3 साल बाद एसईसीएल कंपनी के 8 अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का एफआईआर दर्ज हुआ है। चरचा पुलिस ने तीन अलग-अलग घटनाओं में एसईसीएल के सहायक प्रबंधक ओवरमैन माइनिंग सरदार सहित 8 अधिकारियों को नामजद किया है।

दरअसल खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस धनबाद से जांच रिपोर्ट आने के बाद मजदूरों की मौत के लिए जिम्मेदार बताए गए अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। तीनों घटनाओं में जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण मजदूरों की मौत होने की खबर सामने आई थी, इसके बाद मामले में उच्च स्तरीय जांच के बाद अब लगातार कार्रवाई शुरू की गई है। चरचा पुलिस ने 13 दिसंबर को दो एफआईआर और 15 दिसंबर को एक एफआईआर दर्ज कर लिया है।

#### 3 साल बाद आई डीएमएस की रिपोर्ट

वर्ष 2020 और 21 में श्रमिकों की मौत के बाद मामले ने जोर पकड़ा था। स्थानीय लोगों सहित कर्मचारी और नेताओं ने भी मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। इसके बाद निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस धनबाद से जांच के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट आने के बाद एसईसीएल के 8 अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और सामान आशय से अपराध करने की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएमएस की रिपोर्ट आने और एफआईआर दर्ज होने में करीब 3 साल का समय लग गया। एसईसीएल के सहायक प्रबंधक ओवरमैन माइनिंग सरदार और सुपरवाइजरी स्टाफ के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद श्रमिकों की मौत का मामला फिर से चर्चा में बना हुआ है।

घटना के साक्ष्य के रूप में अस्पताल मेमो डीजीएमएस की रिपोर्ट सहित गवाहों को शामिल किया गया है। वहीं एसईसीएल के 8 अधिकारियों के विरुद्ध मामला दर्ज होने से यह सुर्खी में बना हुआ है। विदित हो कि तीनों घटनाएं एसईसीएल बैकुंठपुर के चरचा भूमिगत खदान में हुए हैं। इनमें से एक घटना वर्ष 2020 में हुई थी, इसमें हल्दीबाड़ी चिरमिरी निवासी एक श्रमिक की खदान के अंदर दुर्घटना में मौत हो गई थी। वहीं दो मामले 2021 में हुए थे, जिसमें विवेकानंद कॉलोनी चरचा के श्रमिक की खदान के अंदर बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी, वहीं दूसरे दुर्घटना में खुटरापारा सोनहत निवासी एक श्रमिक की खदान दुर्घटना में मौत हुई थी। श्रमिकों की मौत के बाद लोगों के द्वारा उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई थी, इसमें निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस धनबाद में जांच के बाद रिपोर्ट सौंप दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सूची बनाई थी। रिपोर्ट पुलिस को मिलने के बाद ही पुलिस ने घटना में संयुक्त सभी अधिकारियों के खिलाफ धारा 304 और 34 का जुर्म दर्ज कर दिया है।

#### ■नवंबर 2020 में घटी पहली घटना


घटना चरचा थाना क्षेत्र के चरचा वेस्ट खदान में घटी थी। इसमें हल्दीबाड़ी चिरमिरी निवासी बिफल उम्र 52 वर्ष चरचा वेस्ट कोयला खदान में श्रमिक के पद पर नौकरी करता था। 21 नवंबर 2020 के 12 बजे दिन कोयला खदान में काम करने के दौरान खदान के अंदर दुर्घटना होने के बाद आई चोट के कारण उसकी मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद श्रमिक को एसईसीएल रीजनल हॉस्पिटल चर्चा लाया गया था। श्रमिक की मौत होने के बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय डीएमएस धनबाद से जांच की मांग की गई थी, इसमें डीएमएस ने तीन अधिकारियों को नामजद किया है। इसमें शामिल अधिकारियों में सहायक प्रबंधक मोतीलाल साहू, ओवरमैन गौतम शर्मा और माइनिंग सरदार मोहम्मद यासीन शामिल है। तीनों अधिकारियों के विरुद्ध चरचा पुलिस ने आईपीसी की धारा 304 और 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### ■जुलाई 2021 में घटी दूसरी घटना

यह घटना चरचा थाना क्षेत्र के चरचा ईस्ट कॉलरी खदान में घटी थी। घटना में खुटरापारा सोनहत निवासी 57 वर्षीय जगत राम सोनवानी को खान में काम करने के दौरान हुई दुर्घटना से चोट आई थी, जिसे इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मेडिकल रिपोर्ट में भी शरीर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत होने का कारण बताया गया था, इसके बाद सरकंडा थाना पुलिस ने शून्य में एफआईआर फाइल कर मामले को चरचा थाना भेजा था। इस मामले में भी निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस धनबाद की रिपोर्ट के बाद दोषी अधिकारियों ओवरमैन तपेश्वर प्रसाद और माइनिंग सरदार बलजिंदर सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### ■दिसंबर 2021 में हुई तीसरी घटना

चरचा थाना क्षेत्र के विवेकानंद कॉलोनी निवासी मृतक हीरानंद उम्र 42 वर्ष की मृत्यु खदान में काम करते समय बिजली का करंट लगने से हो गई थी। घटना के बाद उसे रीजनल अस्पताल चरचा लाया गया था। इस घटना में भी निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस धनबाद ने जांच शुरू की थी, जांच में मृतक हीरानंद के साथ हुई दुर्घटना का दोषी सुपरवाइजरी स्टाफ को बताया गया था, इसमें सीसीएल के कर्मचारी निशांत मर्सकोले अंबरीस और रामनरेश को बताया गया था। डीजीएमएस की रिपोर्ट के बाद चरचा थाना पुलिस ने इन सुपरवाइजरी स्टाफ के खिलाफ भी आईपीसी 304 और 34 का मामला दर्ज कर लिया है।


कलेक्टर को चेक सौंपते हीरालाल।

# प्यून ने रेडक्रॉस सोसायटी को दान में दिए 6 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

हीरालाल ने जिले एक प्रेरणादायी व्यक्ति के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी को 5 लाख 75 हजार तथा 25 हजार रुपए देकर रेडक्रॉस सोसायटी के स्थायी सदस्य बने गए। इस प्रकार हीरालाल ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के माध्यम से रेडक्रॉस सोसायटी को कुल 6 लाख रुपए दान किया।

हीरालाल बताते हैं कि मेरी पत्नी श्रीमती सुखवरी जिसका मृत्यु वर्ष 2003 में हो गई है। हमारे दांपत्य से 3 पुत्र संतान हुए, इसमें पहला सोहन लाल जीवित है जिसका उम्र लगभग 35 वर्ष है, दूसरा जवाहरलाल, जिसकी उम्र 25 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई है, तथा तीसरा मोती लाल जिसकी उम्र 14 वर्ष में ही मृत्यु हो गई है। मेरा जीवित पुत्र सोहन लाल मेरे से कोई संबंध नहीं रखता है और न ही मेरा ध्यान रखता है। उन्होंने बताया कि मेरी उम्र 75 वर्ष हो गई है और मैं वृद्ध हो चुका हूं। अकेला जीवन यापन कर रहा हूं। मेरे द्वारा स्वअर्जित धनराशि जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी छग में जमा है जमा धनराशि में से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा एमसीबी छग में राशि पच्चीस हजार रूपए जमाकर स्थायी सदस्यता ग्रहण करना चाहता हूं तथा मेरे खाते में जमा राशि में से पांच लाख पचहत्तर हजार रूपए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी छग को मानव स्वास्थ्य उपचार के लिए स्वेच्छा से देना चाहता हूं। कलेक्टर ने बताया कि महामारी, भूकंप, अकाल, बाढ़ और अन्य आपदाओं के कारण होने वाली पीड़ितों के शमन के लिए राहत की व्यवस्था, अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए के लिए उपयोग किया जाता है। रामानुज अग्रवाल के सहयोग और मार्गदर्शन में हीरालाल ने बहुत बड़ी राशि रेडक्रास सोसायटी को स्वेच्छा से दान किया है। नया जिला गठन के बाद रेडक्रास सोसायटी बनाया गया है। इसमें जिले कोई भी नागरिक अपनी यथाशक्ति दान कर सकता है।

■ जिले के सबसे प्रेरणादायी व्यक्ति हैं हीरालाल-कलेक्टर



# केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं के सैचुरेशन के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इस संकल्प यात्रा के लिए सीएस कुमार भाप्रस, अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार, पंचायत राज मंत्रालय को छग का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में रायपुर स्थित चिप्स के वीसी कक्ष में अन्य जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारतए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित गतिविधियां शामिल होगी। वहीं शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, ⏭शेष पेज 4 पर

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक

### नजूल भूमि पर कब्जा हटाने पहुंची टीम

**अम्बिकापुर।** मंदिर के लिए आरक्षित की गई भूमि पर अतिक्रमण कर कराए जा रहे निर्माण पर आज प्रशासन ने रोक लगा दी है। तहसीलदार के स्थगन आदेश के बाद भी आरक्षित की गई भूमि पर मकान निर्माण किए जाने की शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा था। दोनों पक्षों को दी गई समझाइस के बाद अतिक्रमण को हटाने के लिए पांच दिनों का समय दिया गया है। बताया जा रहा है कि शहर के सत्तीपारा वार्ड क्रमांक 24 नेहरू वार्ड में खसरा नंबर 624 के 2.94 एकड़ भूमि पर विजय सोनी द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा था। वार्डवासियों का आरोप है कि उक्त नजूल भूमि मंदिर के लिए आरक्षित है और निकासी का मार्ग है। ऐसे में मकान निर्माण को लेकर वार्डवासी केके तिवारी द्वारा तहसीलदार से शिकायत की गई थी।

# गर्मी में पानी की किल्लत से बचने की कवायद में जुटा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


निरीक्षण करते महापौर व अन्य।

गर्मी के मौसम में शहर में होने वाली जल संकट की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा अभी से ही कवायद शुरू कर दी गई है। बांकी डैम में जलभराव कम होने के कारण गर्मी में लोगों को पानी सप्लाई निरंतर रूप से उपलब्ध कराने को लेकर आज ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की व ननि आयुक्त ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर ने जरूरत के हिसाब से बोर करने, किल्लत वाले क्षेत्रों में पानी सप्लाई के लिए वैकल्पिक रूप से व्यवस्था करने, घुनघुट्टा फिल्टर प्लांट की क्षमता 3 एमएलडी तक बढ़ाने को लेकर दिशा निर्देश दिए है। बता दें कि जिले के साथ ही क्षेत्र में विगत दो तीन वर्षों से वर्षा कम होने के कारण बांकी डैम में जलभराव नहीं हो पा रहा है। क्षमता से कम भराव के कारण गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बीचे वर्ष भी गर्मी के मौसम में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में निगम सरकार अभी से ही सक्रिय हो गई है ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाई जा रहे। समस्या से निपटने के लिए आज ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की, आयुक्त अभिषेक कुमार ने अधिकारी कर्मचारियों के साथ तकिया फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल, पटपरिया पानी टंकी का निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर ने कहा कि वर्षा कम होने के कारण बांकी जलाशय में जल भराव कम हुआ है और पानी का स्तर कम होने के कारण इस बार लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इस लिए तकिया फिल्टर प्लांट से आने वाले पानी को ऐसे स्थानों पर वितरित करने की योजना बनाई गई जहां पानी की समस्या सर्वाधिक होती है। पानी की कमी को दूर करने के लिए मेयर ने अंडर ग्राउंड पानी से टंकियों को भरने, जरूरत पड़ने पर नियमानुसार बोर खनन किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दोपहर 4 बजे करेंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देशभर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से दोपहर 3 बजे कनेक्ट होंगे और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 के मध्य किया जाना है। यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर को विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल बेलबहरा में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक किया जाना है, जिसके डे नोडल अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी कमल किशोर जायसवाल तथा वैन नोडल व्याख्याता संजय ताम्रकार होंगे। भरतपुर के ⏭शेष पेज 4 पर

# पावर लिफ्टिंग में जीते दो स्वर्ण पदक

**एमसीबी।** 13 दिसंबर 2023 को जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके खाती को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक विजेता बनने पर बधाई दी गई एवं पदक पहना कर सम्मानित किया गया।


सम्मानित करते कलेक्टर व सीईओ।

### जनपद पंचायत अंतर्गत ली गई स्वच्छता शपथ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगामी आयोजन के पूर्व कोरिया एवं एमसीबी जिले के सभी जनपदों में अलग-अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया और स्वच्छता की शपथ ली गई।

भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ की गई है, इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत और बैकुंठपुर सहित एमसीबी जिले के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, भरतपुर और खड़गवां के अलग-अलग ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, बच्चों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई और शपथ दिलाई गई। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और एमसीबी कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में दोनों जिलों के सभी पांच जनपद पंचायत के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा। इस कड़ी में आज जनपद पंचायत बैकुंठपुर के खरवत विद्यालय के बच्चों के द्वारा ग्रामीणों के बीच जन जागरूकता के लिए रैली निकाली गई, इसके अलावा ग्राम पंचायत जमगहना, ग्राम पंचायत पटना में सार्वजनिक क्षेत्र में साफ-सफाई कर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जनपद सोनहत के मुख्यालय ग्राम पंचायत सोनहत में जनपद पंचायत सीईओ के उपस्थिति में एलईडी वैन कार्यक्रम स्थल पर श्रमदान से सफाई किया गया एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई।


स्वच्छता अभियान के तहत शपथ लेते लोग।

जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जनपद खड़गवां के मुख्यालय ग्राम पंचायत खड़गवां में जनपद पंचायत सीईओ की उपस्थिति में श्रमदान से सफाई की गई। जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में ग्राम पंचायत कठौतिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत स्कूल में स्वच्छता शपथ करवाया गया। इसमें सरपंच, सचिव, एसएचजी महिलाएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। भरतपुर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्वच्छता मिशन की शपथ दिलाई गई।

# सेक्टर स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी राज कुमार खाती के द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र में जाकर परिपोषक पालकत्व योजना अंतर्गत बाल विकास परियोजना मनेन्द्रगढ़ सहित सभी परियोजना में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक पर्यवेक्षक सेक्टर स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

इस कड़ी में प्रथम चक्र के प्रशिक्षण के तहत मनेन्द्रगढ़ परियोजना मनेन्द्रगढ़ पर्यवेक्षक सेक्टर में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया, इसमें परिक्षेत्र पर्यवेक्षक श्रीमति शिल्पा अग्रवाल एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकताएं उपस्थित रहें। इसी प्रकार झगराखांड़ परिक्षेत्र में श्रीमति सुमन सिंह पर्यवेक्षक द्वारा अपने परिक्षेत्र में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिले के सभी परियोजनाओं के प्रत्येक पर्यवेक्षक सेक्टर में यह प्रशिक्षण इस सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। परिपोषक पालकत्व ईसीसीई नीति के तहत प्रदेश में चल रहे।



